# यूक्रेन विमान को मार गिराने की बात स्वीकारने के बाद से ईरान में प्रदर्शन हुए तेज

## प्रदर्शन तेज होने के बाद से शीर्ष नेतृत्व पर दबाव काफी बढ़ा

**प्रदर्शन**

■आम नागरिक ईरान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ देश के कई शहरों में किया प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। ईरान की सरकार ने आखिरकार अपनी गलती से ही यूक्रेन के विमान को मार गिराने की बात स्वीकार की। इसके बाद से देश में प्रदर्शनों का दौर जारी है और रविवार को भी कई हिस्से में प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी खुले तौर पर शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं और उनको हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। लगातार हो रहे विरोध को देखते हुए ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक लीडरशिप के ऊपर दबाव काफी बढ़ गया है।

हादसे के बाद ईरानी प्रशासन ने दावा किया था कि तकनीकी खामी के कारण विमान क्रैश हुआ, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद आखिरकार स्वीकार कर लिया।



**ईरानी सरकार के खिलाफ तेज हुए प्रदर्शनः** रविवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे और ईरान की सरकार के खिलाफ नारे लगाए। तेहरान में एक यूनिवर्सिटी के बाहर जुटे प्रदर्शनकारियों ने कहा, वो (ईरान की सत्ता पर काबिज) हमसे झूठ बोल रहे हैं कि अमेरिका हमारा दुश्मन है, जबकि हमारा दुश्मन तो यहीं है। प्रदर्शनकारियों का यह विडियो ट्विटर पर भी शेयर किया गया था।

**तेहरान के आजादी मार्च पर भी जुटे विरोध करनेवालेः** सोशल मीडिया पर प्रदर्शन से जुड़े कुछ और पोस्ट भी शेयर किए गए हैं। एक और पोस्ट में प्रदर्शनकारी किसी अन्य यूनिवर्सिटी के बाहर और कुछ प्रदर्शनकारियों का समूह तेहरान के आजादी स्क्वॉयर पर प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। देश के दूसरे बड़े शहरों में भी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किए।

**विमान हादसे पर बयान के बाद उग्र हुए प्रदर्शनः** ईरान की राज्य प्रायोजित मीडिया में कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन की खबरें प्रकाशित हुई थीं। शनिवार को ईरान की सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया गया कि मानवीय भूल के कारण ईरानी बलों ने यूक्रेन के विमान को मार गिराया था।

इसके बाद शनिवार को देश के कई हिस्से में प्रदर्शन और तेज हो गए। इस विमान में सवार सभी 176 लोगों की मौत हो गई। ईरान के मिसाइलों ने विमान पर उसी दिन निशाना साधा जिस दिन अमेरिकी बेस पर हमले किए थे।

**टेक अहफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ था विमानः** यूक्रेन इंटरनैशनल एयरलाइंस का विमान टेक ऑफ के कुछ ही मिनट बाद आग की लपटों में आ गया था। बुधवार को हुए विमान हादसे में विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान में सवार ज्यादातर लोगों के पास दोहरी नागरिकता थी। 57 यात्रियों के पास कनाडा का पासपोर्ट था।

## न्यूज डायरी



### नाइजर में हुए आतंकी हमले में मरनेवाले सैनिकों की संख्या बढ़कर हुई 89

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नियामी। पश्चिमी नाइजर में सेना के एक शिविर पर तीन दिन पहले हुए जिहादी हमले में मारे जाने वाले सैनिकों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है। सरकार ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सरकारी प्रवक्ता जकारिया अब्दुर्रहमान ने कहा, 'पूरी तलाशी के बाद मित्र पक्ष के 89 और दुश्मन पक्ष के 77 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। यह हमला पश्चिमी तिलाबेरी के चिनेगोदार क्षेत्र में हुआ जो बुर्किना फासो की सीमा से भी लगा है। घटना के बाद देश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। अफ्रीकी देश नाइजर में एक सैन्य शिविर पर गुरुवार को हथियारों से लैस हमलावरों ने हमला कर दिया था तब 25 सैनिकों के मारे जाने की बात कही गई थी। हमलावर वाहनों और मोटरसाइकिलों पर आए थे। यह हमला पश्चिमी तिलाबेरी के चिनेगोदार क्षेत्र में हुआ जो बुर्किना फासो की सीमा से भी लगा है। सैन्य शिविर पर गुरुवार को हथियारों से लैस हमलावरों ने हमला किया।

### पाक के पूर्व तानाशाह मुशर्रफ की मौत की सजा असंवैधानिक करार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान की एक अदालत से पूर्व सैनिक तानाशाह परवेज मुशर्रफ को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने मुशर्रफ की मौत की सजा को खारिज करते हुए उनके खिलाफ देशद्रोह के मामले की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत को असंवैधानिक करार दिया। इस्लामाबाद की विशेष अदालत ने देशद्रोह के मामले में पिछले साल 17 दिसंबर को 74 वर्षीय मुशर्रफ को मौत की सजा सुनाई थी। देशद्रोह का यह मामला पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की सरकार ने 2013 में दर्ज कराया था। छह साल चली सुनवाई के बाद फैसला आया था। लाहौर हाई कोर्ट के जस्टिस सैयद मजहर अली अकबर नकवी, जस्टिस मुहम्मद अमीर भट्टी और जस्टिस चौधरी मसूद जहांगीर की तीन सदस्यीय पूर्ण पीठ ने सर्वसम्मति से मुशर्रफ के खिलाफ मामले की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

### कोआला को विलुप्तप्राय घोषित कर सकती है ऑस्ट्रेलियाई सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में ऊंचे पेड़ों पर रहने वाले खूबसूरत जीव कोआला को विलुप्तप्राय प्रजाति घोषित किया जा सकता है। इसका एलान सोमवार को खुद देश के पर्यावरण मंत्री ने किया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग से बड़ी संख्या में कोआला मारे गए और उनके रहने के 30 फीसद स्थान पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। पर्यावरण मंत्री सुसान ले ने कहा, जंगलों में लगी आग से कोआला की आबादी असाधारण रूप से प्रभावित हुई है। एक समिति इसका आकलन करेगी कि क्या देश के कुछ हिस्सों में असुरक्षित श्रेणी में आने वाले कोआला को विलुप्तप्राय प्रजातियों की सूची में रखने की आवश्यकता है या नहीं। उत्तरी न्यू साउथ वेल्स और दक्षिण–पूर्व क्वींसलैंड में पहले से ही असुरक्षित जीवों की सूची में आने वाले कोआला जंगलों की आग से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। पिछले साल सितंबर में जंगलों में आग लगने के बाद से अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग एक करोड़ हेक्टेयर जमीन इससे प्रभावित हुई है।

### ईरान को दी थी अमेरिकी इमारतों पर बम गिराने की सलाह, प्रोफेसर बर्खास्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। फेसबुक पोस्ट में ईरान को चुनिंदा अमेरिकी स्थलों पर बम गिराने की सलाह देने वाले भारतवंशी प्रोफेसर अशीन फणसे को यहां बर्खास्त कर दिया गया है। बोस्टन स्थित बॉबसन कॉलेज ने कहा है कि व्यक्तिगत फेसबुक पेज पर की गई फणसे की पोस्ट कॉलेज के मूल्यों और संस्कृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती। प्रोफेसर ने पिछले सप्ताह की इस पोस्ट के लिए माफी मांगते हुए इसे मजाक बताया था। दरअसल, प्रोफेसर की इस पोस्ट को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस ट्वीट के जवाब के रूप में देखा गया जिसमें उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वह हमला करता है तो अमेरिका उसके 52 महत्वपूर्ण और सांस्कृतिक ठिकानों को निशाना बनाएगा।

## भारी बर्फबारी, बारिश के कारण बलूचिस्तान में आपात स्थिति घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सात जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी के बाद आपात स्थिति घोषित की गई है। द न्यूज इंटरनैशनल के मुताबिक, प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने रविवार को मस्तूंग, किला अब्दुल्ला, केच, जियारत, हरनई और पिशिन जिलों में आपातकाल घोषित कर दिया। सोमवार और मंगलवार को भी पाकिस्तान के कई इलाकों में बर्फबारी और भारी बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।

**बर्फबारी के कारण 14 लोगों की मौतः** मीडिया को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री जाम कमाल खान ने कहा कि आयुक्तों और उपायुक्तों को एक हाई अलर्ट जारी किया गया।

भारी बर्फबारी के कारण मेहतरजाई से झोब तक का राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है और कई वाहन फंसे हुए हैं। इस बीच, बलूचिस्तान में भारी बर्फबारी के कारण घरों की छत गिरने के बाद अलग–अलग घटनाओं में तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित कम से कम 14 लोग मारे गए।

**क्वेटा में बर्फबारी का 2 दशक का रेकॉर्ड टूटा** पाकिस्तानी मौसम विभाग के अनुसार क्वेटा में हुई बर्फबारी ने 20 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है।



## ऑस्ट्रेलिया के जंगलों की आग पर काफी हद तक काबू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग को नियंत्रित करने के काम में जुटे दमकल कर्मियों ने बताया कि सोमवार को उस पर काफी हद तक काबू पाया गया। यहां बारिश होने की संभावना है, जिससे उम्मीद की जा सकती है कि जंगल की आग से बरबाद हुए ग्रामीण इलाकों को कुछ राहत जरूर मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग बुझाने के लिए दुनियाभर में प्रार्थना भी की जा रही है। दमकलकर्मियों का कहना है कि न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया राज्य के जंगलों में लगी आग पर बहुत हद तक काबू पाया जा चुका है। यहां पिछले करीब चार महीने से आग लगी है।

## भारत रवाना होने से पहले हर्षवर्धन श्रृंगला ने डोनाल्ड ट्रंप से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने स्वदेश लौटने से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से ओवल हाउस में मुलाकात की। श्रृंगला ने भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया।

ऐसा शायद पहली बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने निवर्तमान भारतीय राजदूत से मुलाकात की। विशेषज्ञों का कहना है कि यह इस बात को दर्शाता है कि ट्रंप भारत और अमेरिका के संबंधों को कितना महत्व देते हैं।

**वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास ने किया ट्वीटः**

श्रृंगला ने अमेरिका में लगभग एक वर्ष तक बतौर भारतीय राजदूत सेवाएं दीं

वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास ने रविवार को ट्वीट किया, 'भारत के विदेश सचिव के तौर पर कार्यभार संभालने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले राजदूत हर्ष श्रृंगला ने वाइट हाउस के ओवल हाउस में ट्रंप से मुलाकात की। भारत और अमेरिका के कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने में उनके सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया।' श्रृंगला (57) भारत के 33वें विदेश सचिव के तौर पर नई जिम्मेदारी संभालने के लिए रविवार को वॉशिंगटन से रवाना हो गए। वह 29 जनवरी को अपना कार्यभार संभालेंगे।

**श्रृंगला को नई पारी के लिए दी शुभकामनाएंः** डलास अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दुबई जाने वाले अमीरात विमान में सवार होने से पहले श्रृंगला ने ट्वीट किया था, 'अंतिम अलविदा।' उन्होंने साथ ही एक तस्वीर भी साझा कि थी, जिसमें वह उनके आधिकारिक आवास इंडिया हाउस के लॉन में खड़े नजर आ रहे थे। भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ महीनों में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है।' राजदूत श्रृंगला अमेरिका से जा रहे हैं, लेकिन वह भारत से हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।'

### ईरान ने माना अमेरिका के साथ तनाव कम करना ही एकमात्र समाधान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान ने अमेरिका के साथ जारी तनाव को कम करने का संकेत दिया है। गौरतलब है कि पिछले 10 दिनों में दोनों ओर से मिसाइलें दागी गईं और इस दौरान ईरान ने यूक्रेन का एक यात्री विमान दुर्घटनावश गिरा दिया था। इस घटना में 176 यात्री मारे गए थे, जिसके विरोध में ईरान की राजधानी में रविवार को एक जुलूस निकाला गया जिसने हिंसक रूप ले लिया और पुलिस ने इस दौरान वहां मौजूद ब्रिटिश राजदूत को भी अस्थायी तौर पर गिरफ्तार कर लिया था। इन सबके बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ट्वीट किया, " ये ईरान के नेताओं के लिए है... अपने यहां के प्रदर्शनकारियों की जान मत लो।" अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने हालांकि कहा कि ट्रम्प ईरान के साथ " बिना किसी शर्त के नए सिरे से बातचीत करने के इच्छुक हैं।" हालांकि तेहरान ने वाशिंगटन द्वारा उस पर लगाए प्रतिबंध हटाने तक बातचीत से लगातार इनकार किया है। वहीं रूहानी ने कहा, " पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए हमने और विचार–विमर्श करने और सहयोग स्थापित करने का निर्णय लिया है।